सेवा में,

श्रीमान उपखण्ड अधिकारी / अवर अभियंता
सिकन्दरा प्रयागराज।

विषय :– ग्लोबटेक क्रियेशन प्रा0लि0 द्वारा जारी नोटिस संख्या–41120 के स्पष्टीकरण के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपरोत विषयक ग्लोबटेक क्रियेशन प्र0लि0 के पत्र संख्या–41120, दिनांक–19.5.2025 का सन्दर्भ ग्रहण करने की कृपा करें, जिसके माध्यम से प्रार्थी को नोटिस जारी किया गया है। इस सन्दर्भ में प्रार्थी अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत कर रहा है।

आरोप:– आपके द्वारा उर्जा जन शक्ति एप पर अपनी उपस्थिति दर्ज करने के उपरांत अपने कार्य स्थल से कार्य के समय में अनुपस्थित रहने के कारण अनुरक्षण व राजस्व वसूली का कार्य प्रभावित होने की प्राप्त सूचना पर की गयी कार्यवाही करने के सम्बन्ध में।

स्पष्टीकरण :– अतः उक्त के सम्बन्ध में आपको सादर अवगत कराना है कि प्रार्थी दिनांक –19.05.2025 को पत्नी की अचानक तबियत खराब होने के कारण इलाज के लिए प्रयागराज शहर लेकर गये थे। जिसकी सूचना मै अवर अभियंता महोदय को दे नही पाया। परंतु दिये गये विभागीय कार्य को पूरी लगन व इमानदारी के साथ किया जाता है। यदि अधिकारी महोदय को मेरे द्वारा विभागीय कार्य को करने में किंसी भी प्रकार की त्रुटि लगती है तो इसके लिए मैं क्षमा प्रार्थी हूँ।

कृपया आपसे विनम्र निवेदन है कि प्रार्थी द्वारा वर्णित की गयी स्थिति को ध्यान में रखते हुए प्रार्थी को आरोप मुक्त करने की कृपा करें। प्रार्थी आपका सदैव आभारी रहेगा।

संलग्नक :–

- ग्लोबटेक क्रियेशन प्रा0लि0 द्वारा प्राप्त पत्र।

प्रार्थी
संतोष तिवारी
संतोष कुमार तिवारी
(कुशल श्रमिक)
33/11के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र
सिकन्दरा, प्रयागराज।

उपखण्ड अधिकारी

आपको अवगत कराना है कि संतोष कुमार तिवारी कुशल श्रमिक द्वारा दिये गये लिखित स्पष्टीकरण पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए इनके रुके हुए मानदेय निर्गत कराने की कृपा करें।

आपको सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(J.E)
04/06/2025

Scanned with OKEN Scanner